प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 का दृष्टिकोण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि एक सौ 40 करोड़ भारतीयों का सामूहिक राष्ट्रीय मिशन है। वे पंचानद शोध संस्थान अध्ययन केंद्र द्वारा भारत 2047–विकसित भारत का संकल्प विषय पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राज्यपाल ने भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि देश ने डिजिटल तकनीक, नवाचार, स्टार्टअप, आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने और साकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि युवा केवल नौकरी की आकांक्षा न रखे बल्कि रोजगार सृजक बने। इस अवसर पर शिक्षाविद, शोधकर्ता, सामाजिक चिंतक व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

शिवराज सिंह

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक जून से 30 जून तक पूरे देश में खेत बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ, केंद्र व राज्य सरकार के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और प्रगतिशील किसान गाँव–गाँव जाकर किसानों को संतुलित खाद उपयोग, नकली पेस्टिसाइड की पहचान और वैज्ञानिक खेती की जानकारी देंगे। उन्होंने सभी किसानों से आग्रह किया है कि इस अभियान से जुड़कर वैज्ञानिक सलाह के अनुसार खाद का उपयोग करें और धीरे–धीरे प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें।

चंद्र कुमार

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को अनुशासन और संवाद का संदेश दिया है। आज शिमला में उन्होंने प्रदेश कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष नीरज भारती द्वारा अपनी ही सरकार पर लगाए गए आरोपों और पद से इस्तीफे को लेकर उपजे विवाद पर उन्होंने ये बात कही है। चंद्र कुमार ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है लेकिन बिना तथ्यों व पर्याप्त विचार–विमर्श के लगाए गए आरोप संगठन व सरकार दोनों को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि नीरज भारती द्वारा दिए गए इस्तीफे को कांग्रेस नेतृत्व ने स्वीकार कर लिया है और इस संबंध में सभी पक्षों से बातचीत कर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि मौसम विभाग ने आज कुछ क्षेत्रों में वर्षा व ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता———

हिमाचल प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज मौसम साफ है। हालांकि बीते रोज प्रदेश के जनजातीय जिला लाहौल स्पिति के रोहतांग व कुंजुम दर्रे पर हल्का हिमपात व कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा होने से मौसम सुहावना हो गया है। मौसम के इस बदले मिजाज से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने आज चम्बा, कांगड़ा व कुल्लू जिले में अंधड़, ओलावृष्टि, वर्षा व बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच बड़ी संख्या में पर्यटक सुहावने मौसम का लुत्फ उठाने के लिए हिमाचल के पर्यटन क्षेत्रों का रूख कर रहे हैं।

रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार, शिमला।

शपथ

प्रदेश के शिमला, सोलन, कांगड़ा और सिरमौर जिलों में नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों ने आज पद व गोपनियता की शपथ ली। शिमला के बचत भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिला उपायुक्त अनुपम कश्यप ने नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को शपथ दिलाई जिसमें सभी 25 वार्डों के सदस्य शामिल रहे। इधर सोलन में आयोजित समारोह में उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने जिला परिषद सदस्यों को जबकि उपमंडलाधिकारी डॉक्टर पूनम बंसल ने पंचायत समिति सदस्यों को शपथ दिलाई। उधर सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में सभी 17 वार्डों के नवनिर्वाचित सदस्यों को उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने शपथ दिलाई।

———————————————————————————